कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 16.09.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

## 'हिन्दी दिवस' का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग में हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि हिन्दी दिवस एक दिवस नहीं, अपितु हमारी पहचान, हमारी संस्कृति और हमारी आत्मा का उत्सव है। हिन्दी भाषा हमारे देश के संस्कारों तथा संस्कृति का प्रतिबिम्ब है। हिन्दी हमारे देश की आन, बान और शान है। इसलिए 14 सितम्बर को हम गौरव दिवस मनाते हैं। हिन्दी भाषा पर हमें गर्व है।

श्रीमती ज्योति भरणे ने कहा कि हिन्दी बोलने वालों की संख्या के आधार पर यह विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। यह संयुक्त राष्ट्र की गैर आधिकारिक भाषाओं में शामिल है। हिन्दी भारत की राजभाषा, राष्ट्रभाषा, संचार भाषा, साहित्यिक भाषा के रूप में प्रतिष्ठित है। हिन्दी फिजी की भी राजभाषा है तथा विश्व के 132 देशों में जा बसे भारतीय मूल के लगभग 2 करोड़ लोग हिन्दी माध्यम से अपने कार्य निष्पादित करते हैं। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम कु0 नेहा ढीमर, द्वितीय कु0 वर्षा, तथा कु0 हुनेश्वरी तृतीय स्थान पर रही साथ ही पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। कवितापाठ में प्रथम कु0 पृथ्वी, द्वितीय कु0 ट्विंकल तथा कु0 कविता तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन कु0 कविता मालेकर ने किया।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

## ‘हिन्दी दिवस’ का आयोजन




